**परिक्षेत्रीय कार्यालय,**
**परिक्षेत्र बस्ती**

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 20-11-2025**

- **डीआईजी बस्ती द्वारा परिक्षेत्र के जनपदों के पुलिस अधीक्षकों के साथ की गई मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी।**
- **सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 20.11.2025 को परिक्षेत्रीय कार्यालय बस्ती के सभागार में पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा परिक्षेत्र के जनपदों बस्ती, सिद्धार्थनगर एवं संतकबीरनगर के पुलिस अधीक्षकों के साथ मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी की गयी।

गोष्ठी में डीआईजी बस्ती द्वारा एडीजी क्राइम द्वारा संचालित अभियान के क्रम में चैन स्नेचिंग/लूट की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं एडीजी जोन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत पिछले 10 वर्षों के अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने, ऑपरेशन क्लीन के तहत वाहनो के निस्तारण, लंबित विवेचनाओं का प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने, अधिकाधिक निरोधात्मक कार्यवाही कराने तथा गैंगेस्टर,वांछित एवं पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिये गये। गो-तस्करी की रोकथाम, रात्रिकालीन प्रभावी चेकिंग, महिला एवं एससी/एसटी एक्ट से संबंधित अपराधों में तत्परता से कार्यवाही कराने, यातायात माह में अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम कराने, यातायात नियमों का पालन कराने व अतिक्रमण हटवाने तथा नियमों का पालन न करने वाले वाहनों का चालान कराने हेतु निर्देश दिये गये।

डीआईजी बस्ती द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत समस्त पुलिसकर्मियों को I-GOT (कर्मयोगी पोर्टल) पर प्रशिक्षण पूर्ण कराने,14(1) व 14(2) के तहत विभागीय लंबित पत्रावलियो, मृतक आश्रित व चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित पत्रावलियों के त्वरित निस्तारणहेतु आवश्यक कार्यवाही करने,CM डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार लाने, NCRP पोर्टल पर मोबाइल/IMEI ब्लॉकिंग की कार्यवाही बढ़ाने, साइट्रेन पोर्टल पर सभी कर्मियों का प्रशिक्षण पूर्ण कराने तथा पब्लिक ग्रीवांस रिव्यू पोर्टल, सीएम जनता दर्शन एवं अन्य उच्चस्तरीय शिकायत पोर्टलों पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। उक्त गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री अभिनंदन, पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री संदीप कुमार मीना, परिक्षेत्रीय कार्यालय के शाखा प्रभारीगण एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**मीडिया सेल**
**परिक्षेत्र बस्ती**